TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक- 109 | उज्जैन, शुक्रवार 06 जून 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ- 6

# मध्यप्रदेश की टूरिज्म पॉलिसी निवेशकों के अनुकुल है- प्रमुख सचिव श्री शुक्ला

## दुनिया में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेक्टर बहुत बड़ा सेक्टर है- राघवेन्द्र कुमार सिंह

## स्पिरिचुअल एण्ड वेलनेस समिट 2025 उज्जैन में विषय विशेषज्ञों ने की पर्यटन,आध्यात्म एवं वेलनेस के क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर सार्थक चर्चा


















**धवन माहेश्वरी** उज्जैन– मध्यप्रदेश की टूरिज्म पॉलिसी एवं वातावरण निवेशकों के अनुकूल है। उज्जैन नगरी हार्ट ऑफ स्पिरिचुअल इंडिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व प्रदेश सरकार द्वारा टूरिज्म पॉलिसी 2025 लागू की गई है। इसके तहत 10 से 30 प्रकार की अनुमतियां ऑनलाईन समय सीमा में उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में हॉटल, रिर्जाट, और अन्य प्रकार की पर्यटन सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए पूंजी निवेश पर 15 से 30 प्रतिशत का अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। निवेशक स्पिरिचुअल एवं वेलनेस के क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आए, उन्हें शासन द्वारा हर संभव सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाऐगी। यह बात प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने गुरूवार को उज्जैन में आयोजित स्पिरिचुअल एण्ड वेलनेस समिट 2025 में पैनल डिस्कशन सत्र को संबोधित करते हुए कही। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम एवं आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस स्पिरिचुअल एण्ड वेलनेस समिट 2025 के दौरान दो सत्रों में पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने सार्थक चर्चा की। प्रथम सत्र के पैनल डिस्कशन में योगा निसर्ग एण्ड वैदिक योगा स्कुल के संस्थापक स्वामी चैतन्य हरी जी, एवीएन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रमेश वारियर, अपोलो आयुर्वेद पोजेक्ट लीडर डॉ मेघा केएल, लाईसॉर होटल्स के डायरेक्टर मुकुन्द प्रसाद, इकोनोमिक्स टाईम्स की एडिटर सुश्री दीपशिखा, प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन तथा आनंद विभाग राघवेन्द्र कुमार सिंह ने भाग लिया। प्रथम सत्र के पैनल डिस्कशन में प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि दुनिया में हेल्थ एवं वेलनेस सेक्टर बहुत बड़ा सेक्टर है। देश में मध्यप्रदेश ही एकमात्र राज्य है जहां आनंद विभाग है। उज्जैन आध?यात्मिक कला, संस्कृति एवं विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन काल से ही पहचाना जाता रहा है। प्रशासनिक क्षेत्र में भी सम्राट विक्रमादित्य ने इस नगरी को विशेष पहचान दिलाई है। यह आध्यात्मिकता एवं वेलनेस का केन्द्र है। प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यप्रदेश हमेशा नवाचारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि आपके सुझावों पर अमल किया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में किए जा रहे व्यापक विकास एवं निर्माण कार्यो और तैयारियों के बारें में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया। और उज्जैन के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए सुगम आवागमन की सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही है। सदावल में 4 हेलिपेड का निर्माण कार्य जारी है, क्षिप्रा नदी को अविरल प्रवाहमान बनाने के लिए कान्ह डायवर्सन क्लॉज डक्ट परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है, सेवरखेडी सिलारखेडी बैराज परियोजना का कार्य भी तेज गति से जारी है। क्षिप्रा नदी पर दोनो ओर 29 कि.मी नए घाट बनाए जा रहे है। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में 2,376 हेक्टेयर में नगर विकास योजना पर कार्य किया जा रहा है। सड़क ,सीवरेज, पेयजल, बिजली आदि स्थाई स्वरूप की बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं विस्तार पर विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निवेशको से आवाह्न किया कि वे उज्जैन को स्पिरिचुअल सेंटर एवं वेलनेस सेंटर का हब बनाने के लिए निवेश के लिए आगे आए। बिल्डींग वेलनेस इकोसिस्टम एण्ड वर्क फोर्स विषय पर दूसरे सत्र के पैनल डिस्कशन में प्रमुख सचिव संदीप यादव, वीपी कैरली आयुर्वेदिक ग्रुप की सुश्री मोना वालिया, तिरुपती एस्टेट्स के डायरेक्टर महेश पारयानी ,आईआईएम इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय , ताईवान इंडिया आर्युवेद ऐसोसिएशन के सहसंस्थापक शुभम अग्निहोत्री , स्पोर्टस फिटनेस कोच विजय ठक्कर, आयुष मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव सुश्री कविता गर्ग , इकोनॉमिक्स टाईम्स के आशुतोष सिन्हा ने भाग लिया और विस्तार से चर्चा की। प्रमुख सचिव संदीप यादव ने कहा कि देश में मध्यप्रदेश में सबसे अच्छी वेलनेस पॉलिसी है। उज्जैन में रोजाना एक लाख से अधिक दर्शनार्थी आते है । कार्यक्रम का संचालन सुश्री शिखा सिंह ने किया तथा सत्र के अंत में सुत्रधार सुश्री दिपशिखा एवं आशुतोष सिन्हा ने मंचासीन विषय विशेषज्ञों एवं पेनलिस्टों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधीगण ,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्पिरिचुअल वेलनेस समिट में भाग लेने देश व प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए , निवेशक एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ का प्रयाज विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षगंगा अभियान से शुरू

**अजय बचले** आमला। हवाई पट्टी के समीप रेलवे स्टेडियम में विश्व पर्यावरण दिवस पर गायत्री परिवार ने 108 घने छायादार पीपल बरगद पाकड़ आदि वृक्ष मय ट्री गार्ड लगाना प्रारम्भ किया, गायत्री परिवार की युवा प्रकोष्ठ और पर्यावरण प्रकोष्ठ की युवा विंग द्वारा तरू पुत्र तरू मित्र बनाने हेतु प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा एक ट्रीगार्ड की तर्ज पर युवाओं को तरू मित्र बनाने का अभियान प्रारम्भ किया है इसमें कोई भी व्यक्ति अपने स्वयं के नाम से या अपने किसी परिजन के नाम से एक पौधा या एक ट्री गार्ड देकर पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले सकता है । गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा ने कहा की अखिल विश्व गायत्री परिवार के सप्तसूत्रीय कार्यक्रमो के अंतर्गत वृक्ष गंगा अभियान पुरे जिले में चलाया जायेगा इसके अन्तर्गत 11000 पौधें बैतूल जिले में लगाये जायेंगें । मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय आमला के प्राचार्य मदन मोहन कटियार ने रूप तरू पुत्र के रूप एक पीपल का पौधा लगाया और उसका ट्रीगार्ड गायत्री परिवार आमला को रेल्वे स्टेडियम में पौधा लगाकर सौंपा

जिला समन्वयक अमोल पानकर ने कहा कि इस दिवस को



पूरे जिले की तहसील समन्वय समितियों द्वारा पौधारोपण के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। तहसील समन्वयक नर्मदा प्रसाद सोलंकी ने बताया की 05 जून गुरुवार को रेलवे स्टेडियम आमला में 10 पौधो के रोपण के साथ अभियान प्रारंभ किया । गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ निलेश कुमार मालवीय ने बताया की 05 जून को बड़, पीपल एवं बेल के पौधों का रोपण किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट आमला के प्रमुख ट्रस्टी बी पी धामोड़े ने अपने संबोधन में आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के उपजोंन समिति सदस्य शिशुपाल डढोरे ने किया

समाजसेवी मनोज विश्वकर्मा ने गायत्री परिवार के सत संकल्पों को पढ़कर सुनाया तत्पश्चात परम पूज्य गुरुदेव का पूजन अर्चन के साथ पौधो का पूजन किया। रेलवे थाना प्रभारी हरी मोहन निरंजन एवं रेल्वे के सिनियर सैक्शन इंजिनियर कैरज एंड वैगन बसंत सूर्यवंशी एवं ब्रेकडाऊन टीम आमला के कर्मचारियों ने पौधारोपण के लिए श्रमदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वकिल राजेंद्र उपाध्याय, अजय पवार, अनूप वर्मा बैतूल, अमित मालवीय, जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अरविंद माथनकर, मेंटर नितेश साहू, अरविंद पाटनकर, ठाकुरदास पवार,किशन सराटकर, केशोराव दवन्डे, भीमराव देशमुख, राजेश मालवीय, सुनिल गव्हाड़े पत्रकार अजय बचले ईहान सिंह राजपूत निरंज सिंह राजपूत सुरेन्द्र कापसे शिवकांत नरवरे मिश्रीलाल नरवरे संघ के घनीराम गढ़ेकर कैलाश माथनकर महिला मंडल की कविता सूर्यवंशी अनीता बाई नरवरे पुष्पा साहू विमला पंवार, वंदना डढोरे, कमलेश उईके ममता बछले कृष्ण लीला फ़ाउंडेशन, जन अभियान परिषद तथा अन्य संस्थाओं के परिजन शामिल हुए ।

## उज्जैन धार्मिक नगरी में मां शिप्रा। तट से परिक्रमा यात्रा पर मुख्यमंत्री यादव जी के सुपुत्र वैभव यादव जी के साथ परिक्रमा करते हुए मित्रगण एवं हजारों धर्म प्रेमी सम्मिलित हुए

**अरशद जागीरदार** आज उज्जैन में मां शिप्रा के पावन तट से माननीय मुख्यमंत्री जी मोहन यादव जी के सुपुत्र वैभव यादव जी कई जिला एम प्रदेश के ।वरिष्ठ नेता उनके साथ उज्जैन शिप्रा परिक्रमा शनि मंदिर त्रिवेणी से परिक्रमा में हजारो लोग सम्मिलित हुए और शेर सिंह जी राठौड़ गोपाल सिंह जी तेजाराम।



पोरवाल आदि ने सापा बांध कर स्वागत किया और सभी साथी विशेष पवित्र परिक्रमा में सम्मिलित हुए

धार्मिक नगरी में यह धर्म की ध्वजा को लहराते हुए हजारों धर्म प्रेमी में उत्साह और जोश देखा गया एवं समाजसेवी नंदराम जाट ।व पूरी मित्र मंडली इस धार्मिक यात्रा का दिल से स्वागत किया। वह सम्मिलित हुए

## सेवा निवृत्त होकर लौटे भारतीय सेना के जवान का आठनेर में भव्य स्वागत

**ब्यूरो चीफ राकेश सिंह**
**8226096301**



आठनेर। भारतीय सेना के वीर जवान ग्राम खापा के योगेश भालेकर, जो कि 3 EME सेंटर बैरागढ़, भोपाल में नियुक्त थे, अपने सैन्य जीवन की सफल सेवा पूर्ण कर आगरा से सेवा निवृत्त होकर आज अपने गृह नगर आठनेर लौटे उनकी वापसी पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखा गया।

योगेश भालेकर ने देश सेवा में समर्पित रहते हुए अनुशासन, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ भारतीय सेना में उल्लेखनीय योगदान दिया। परिवार और समाज से दूर रहकर उन्होंने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उनके आठनेर आगमन पर बस स्टैंड पर पटाखे फोड़कर और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं एवं युवाओं ने उनका उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया स्वागत के लिए आरसी गायकवाड़, सुखदेव तायड़े, रूपेश डोंगरे, राजेंद्र गायकवाड़, विनोद गायकवाड़, रवि मोहाड़े अजबलोखंडे, अयाज खान, आरआर खाड़े, जगदीश वागद्रे, विपिन, सुरेश बरोदे, पवन गव्हाड़े, अशोक सोनारे, परमसुख भालेकर, विशाल भालेकर, आदित्य गुजरे, संतोष धाकड़, सूरज राठौर, पवन उबनारे, पवन आकोले, लक्ष्मण नागवंशी एवम् अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओ ने सह सैनिक सम्मान पूर्वक स्वागत किया।

इसके पश्चात बस स्टैंड से बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा तक भव्य स्वागत रैली निकाली गई योगेश भालेकर ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित की एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह क्षण सभी उपस्थित लोगों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।पूरा क्षेत्र आज गौरवान्वित है कि उसका एक सपूत देश सेवा कर सम्मानपूर्वक अपने गांव लौटा गांव लौटने पर ऐनखेड़ा बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की पुष्प मालाओं से स्वागत किया पूरे गांव भव्य रैली निकाली गांव में घूमते हुए अपने घर लौटा सेना का जवान।

## मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**अरशद जागीरदार तराना, मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधारोपण किया।**

**स्कूल के शिक्षकों ने पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और छात्रों को भी इसके प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के**



**प्रधानाचार्य आशीष पाटीदार ने कहा, पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।**

**पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल के शिक्षकों ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और छात्रों को भी इसके प्रति प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और छात्रों को इसके महत्व के बारे में बताना था।**

## ग्राम बलवाडा थाने पर शान्ति समिति की बेठक सपन्न



**बद्री अवस्थी**

बलवाड़ा:-- थाना प्रागण बलवाड़ा मे थाना प्रभारी बामनीया ने आगामी त्यौहार बकराईद (ईदुलहजा) को लेकर शांति समिति की बेठक आहुत की बेठक मे मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोग, मुस्लिम सदर, व क्षैत्र के गणमान्य नागरिक ओर पुलिस थाना स्टॉप उपस्थित रहा बैठक मे थाना प्रभारी बामनिया द्वारा त्यौहार शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की समझाइश दी गई।।

## जिसने समय को जीता वही जीता - ब्रिगेडियर संजीव कुमार



2 म.प्र. बटालियन एनसीसी, उज्जैन द्वारा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन परिसर में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अष्टम दिवस पर ग्रुप मुख्यालय, इंदौर के नवागत ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संजीव कुमार ने कैडेट्स को प्रेरणादायक संबोधन दिया।

ब्रिगेडियर संजीव कुमार ने छात्रसैनिकों को समय के महत्व की सारगर्भित जानकारी देते हुए अनुशासन, कड़ी मेहनत एवं आत्मविकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने एक प्रसंग के माध्यम से समय प्रबंधन की उपयोगिता को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने पौधारोपण तथा वृक्षों की नियमित देखभाल के लिए भी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया।

कैम्प परिसर एवं उसके आस-पास की स्वच्छता बनाए रखने में कैडेट्स की भूमिका की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर समादेशक लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा, एएनओ, पीआई स्टाफ एवं अन्य अधिकारियों से भेंट कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

शिविर में व्यक्तित्व विकास सत्र के अंतर्गत लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्र ने शिष्टाचार, सामाजिक व्यवहार एवं आदर्श व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। लेफ्टिनेंट प्रमिला बघेल ने नशा मुक्ति पर व्यवहारिक शिक्षण सत्र आयोजित किया, जिसमें कैडेट्स को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। वहीं, सेकंड ऑफिसर मनोज द्विवेदी ने ग्रामीण विकास के विविध आयामों पर कैडेट्स को जानकारी प्रदान की।

# वृक्ष बुलाते मेघ को,तब होती है बरसात

## पर्यावरण मित्रों ने शहर में निकाली साइकिल रैली , पर्यावरण की कमी से वायुमंडल हो रहा है दुषित - दिलीप सिंह परिहार विधायक

बढ़ते तापमान एवं ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखना होगा -- श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा न पा. अध्यक्षा

प्रदुषित वातावरण से निजात पाने के लिए धरती मां को संवारना होगा -- चन्द्रसिंह धार्वे डिप्टी कलेक्टर

राजू पटेल

नीमच– 5 जुन को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है जो एक वैश्विक संदेश देता है कि अब यह समय आ गया है की मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सन्तुलन को फिर से स्थापित कर पर्यावरण संतुलन बनाया जाना चाहिए, इसी उद्देश्य को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया , लेकिन विश्व स्तर पर इसे मनाने की शुरुआत 5 जुन 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी जहां 119 देशों की मोजुदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया एवं प्रतिवर्ष 5 जुन को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने का निर्णय लिया गया, पर्यावरण संरक्षण प्राणी जगत के लिए अति आवश्यक है इसके बिना जीवन जीना संभव नहीं है को स्वीकारते हुए प्रतिवर्ष 5 जुन को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने लगा,इसी उद्देश्य को लेकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पर्यावरण मित्रो द्वारा 5 जुन 2025 को फुव्वारा चोक स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहरी विकास परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वयं साइकिल पर सवार होकर पर्यावरण जागरूकता के नारे सासें हो रही है कम आओ मिलकर पेड़ लगाए हम का संदेश देते हुए रैली फुव्वारा चोक से, बारादरी, घंटाघर,जाजु बिल्डिंग, पुस्तक बाजार से भारत माता चौराहे से कमल चोक, गायत्री मंदिर, सुजुकी चौराहे होते हुए शिवाजी सर्कल से गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट एक स्मृति वन पर समापन समारोह आयोजित किया गया, शिवाजी सर्कल से नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार,नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने भी साइकिल रैली में सहभागिता निभाई, स्मृति वन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, शहरी विकास परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे का संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के अध्यक्ष किशोर बागड़ी, संरक्षक नवीन अग्रवाल के साथ ही पर्यावरण मित्रों ने पुष्प माला से स्वागत किया, इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा स्मृति वन में फलदार छायादार पोंधे रोपित किए गए इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा, पर्यावरण कि कमी से वायुमंडल दुषित हो रहा है , मनुष्य एवं प्रकृति के बीच गहरा रिश्ता है, प्रकृति के बिना जीवन जीना संभव नहीं है, दुषित वातावरण से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, इस धरती मां ने हमें जीवन जीने के लिए जल जंगल और जमीन ही नहीं बहुत कुछ दिया है बदले में हमें भी कुछ तो लौटाना होगा प्रकृति के कर्ज को उतारना हम सभी का दायित्व है, इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने कहा कि बढ़ते तापमान एवं ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए हमें प्रकृति को संवारना होगा, प्लास्टिक पोलेथिन थैलियों का बहिष्कार कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना होगा, स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं पर्यावरण के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना करना मुश्किल है, पर्यावरण की कमी से वायुमंडल, जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, ग्लोबल वार्मिंग से हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ता है, स्वस्थ जीवन जीना है तो इस धरती को हरा भरा बनाना होगा इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे ने संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीमच जिले में संस्था ने पर्यावरण के प्रति बहुत अच्छा कार्य किया है इनके कार्यों से प्रभावित होकर में विगत 2 वर्षों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में कुछ समय प्रकृति के निमित्त अपना दायित्व निभा रहा हूं, प्रकृति ने जो सांसें हमें दी है उसका कर्ज तो हमें चुकाना होगा, इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने स्मृति वन में अधुरे पढ़ें निर्माणाधीन कमरे को पुर्ण कराने की घोषणा करते हुए पुर्ण सहयोग की बात कही, इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने भी ग्रीन बेल्ट परिसरों की तार फेसिंग,गेट आदि दुरस्त कराने की बात कही, आयोजित रैली में शहर के कई सामाजिक, धार्मिक राजनीतिक संगठन एवं समाज सेवीयो ने साइकिल रैली में भाग लेकर इस वर्षाकाल में कम से कम 5 पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया रैली में विधायक दिलीप सिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा,, डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे,ठा. लोकेन्द्रसिंह परिहार,जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, डॉ प्रथ्वी सिंह वर्मा, कैलाश गोयल कुणडला वाले, लखेरा समाज अध्यक्ष राधेश्याम केतुनिया, सुभाष सेना अध्यक्ष मोहनलाल सैनी,, बालचन्द वर्मा, रंजन स्वामी, प्रवीण आर्य, निर्मल देव नरेला,श्रीमति सुमन श्रीवास्तव, श्याम लाल मालवीय, इंजिंनियर डी एस व्यास,के के कर्णिक,वीरु पोरवाल, राजकुमार नरेला, उमाकांत पुरोहित, राजीव दिक्षित,हाजी साबीर मसुदी लाक्षाकार बालकृष्ण सोलंकी,योग मित्र गुणवंत गोयल, संकल्प पर्यावरण संस्था के नवीन अग्रवाल, किशोर बागड़ी, जगदीश शर्मा, रमेश मोरे, राजकुमार सिन्हा, मनीष काठेंड, दुलीचंद कनेरिया, केशव सिंह चौहान, डॉ राजकुमार मालानी, के साथ ही शहर के कई पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता निभाई, कार्यक्रम का संचालन संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल ने किया आभार संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने माना उक्त जानकारी संस्था सचिव दुलीचंद कनेरिया ने दी है, दुलीचंद कनेरिया सचिव संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच



## न्यायालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण



**राकेश दुबे बरेली ।** न्यायालय परिसर में प्रत्येक वर्षा कॉल ऋतु में वृक्षारोपण किया जाता है इसी क्रम में गुरुवार को दोपहर समय द्वितीय अपर सत्र और न्यायालय एक मजिस्ट्रेट सहित अधिवक्ताओं की उपस्थिति में तरह-तरह के पौधे न्यायालय परिसर में लगाए गए इस मौके पर अजीत कुमार तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश,अमित कुमार मालवीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,सुश्री अंकिता नागर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बरेली की उपस्थिति रही ।

## प्रभारी मंत्री पहुंचे छिंद मंदिर...

### .मंदिर अध्यक्ष ने की उनकी अगुवाई

**राकेश दुबे बरेली ।** इसे क्षेत्र का सौभाग्य ही कहेंगे कि यहां पर स्थित छिंद धाम मंदिर की ख्याति दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है यहां विराजमान राम दरबार और हनुमान जी महाराज के दर्शनों के लिए क्षेत्र ही नहीं आसपास के महानगरों से भी भक्तजन पहुंच रहे हैं मंदिर की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी मंदिर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी सहित समिति के द्वारा पूरी निष्ठा के साथ बनाई जा रही है।

जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार और कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत छिंद मंदिर पहुंचे जहां पर उनकी अगुवाई मंदिर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी ने राम नाम अंकित शाल अर्पण करके की। दोनों मंत्रियों ने राम दरबार और हनुमान जी महाराज के दर्शन कर वहां पर पूजा अर्चना की तत्पश्चात कुछ देर के लिए वहां पर स्थित धर्मशाला में ठ्ककर मंदिर के आसपास चल रही व्यवस्थाओं की जानकारी मंदिर अध्यक्ष से उपलब्ध की।



## कनाड ग्राम के आदिवासी गरीब परिवारों को बेदखल करने की दबंगों ने दी धमकी,बागली एसडीएम से ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

***संघर्ष से सिद्धि ,राजेंद्र योगी***

*बागली, मुख्यालय की तहसील उदय नगर से ग्राम कनाड तहसील उदय नगर जिला देवास मध्य प्रदेश के निवासी , बारेला व भिलाला समाज के आदिवासी दबंगता से परेशान होकर, भूमिहीन गरीब मजदूर सभी व्यक्ति एकत्रित होकर आवेदन देने एसडीएम कार्यालय बागली पहुंचे। आदिवासी समाज ग्रामीणों ने बताया कि पूर्वजों द्वारा आज से करीब 70 वर्ष पूर्व ग्राम कनाड में महीगाव, रोड के पहले रास्ते पर गेट के पास रिक्त पड़ी करीबन 4 बीघा जमीन शासकीय बंजर भूमि पर अपना अधिपत्य किया गया था। हमारे पूर्वजों द्वारा इस अधिपति की गई ,भूमि पर मेहनत मस्कत करते हुए उसे रहने लायक बनाया। उक्त भूमि से उखाड़े पत्थर टूट आदि बंजर भूमि को बराबर तथा स्वयं व परिवार के रहने योग्य बनाया । वहां पर कच्ची पक्की टपरी खड़ी की गई बंजर पड़ी भूमि को गरीबों ने मेहनत कर रहने लायक बनाया। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने हेतु कड़ी मेहनत करते हुए ग्रामीण जनों ने मिलजुल कर खेती लायक बनाया। लेकिन ग्रामीणों का कहना है भूमि पर इतने वर्षों से कोई हित विरोधी नहीं आया, हम सभी यहां आपसी भाईचारे के साथ मिलकर रह रहे हैं, संयुक्त परिवार की भांति। उल्लेख है कि मकान वाले वह खेती वाली भूमि के अतिरिक्त हमारे पास अन्य कोई मकान या खेत वाली स्वयं के नाम की निजी भूमि नहीं है। सतत इतने वर्ष से निवास करने के दौरान इस भूमि पर किसी अन्य ने अपना हक अधिकार जताने का कोई प्रयास नहीं किया। आज इतने वर्षों का समय गुजर जाने के उपरांत हम पर यह विपत्ति आई है कि, आज दिनेश नाम का व्यक्ति मौके पर आकर इस प्रकार डरा धमका रहा है। यह जमीन अब तुम्हारी नहीं रही है। इसके मालिक कोई और है। और वह इंदौर निवासी सेठ अंकित प्रसाद शर्मा हो चुके हैं। और उन्होंने यह जमीन यहां के हल्का पटवारी आदि से मिलजुल कर खरीद ली है। आप लोगों को यह जमीन छोड़कर यहां से कहीं और जाना पड़ेगा तुम यदि सीधे-सीधे यहां से हट जाते हो तो तुम्हारे लिए अच्छा है । अन्यथा बलपूर्वक यहां से बेदखल कर दिया जाएगा ,जब हम लोगों ने समझाना चाह की भाई इस जमीन पर हमारे कब्जे आज से नहीं बल्कि हमारे बाप दादा के भी बाप दादा के समय से है। और यह शासकीय भूमि को रहने लायक बनाया है। तो यह भूमि आपकी कैसे हो सकती। इस पर हमसे हमसे अभद्र व्यवहार किया। और हमें डराया एवं धमकाया। शासन प्रशासन द्वारा हमें विधायक ग्राम पंचायत के माध्यम से पृथक पृथक आवास योजना का लाभ भी प्राप्त हो चुका है ।हम लोग इस भूमि का विधिवत्त अपने-अपने नाम से पत्ता प्राप्त करने के भी पूर्ण रूप से हकदार हो चुके हैं। इस संबंध में आज बागली एसडीएम कार्यालय आकर सामूहिक रूप से आवेदन दे रहे हैं हमें भूमिहिन ना किया जाए। प्रशासन हमारी मदद करें हमारे साथ उचित न्याय किया जाए। शासन प्रशासन से विधिवत पत्ता प्राप्त करने के बावजूद हमारे घर व जमीन से दबंगता दिखाते हुए बेदखल करने का यह लोग प्रयास कर रहे हैं । हम आदिवासीयों को उचित न्याय प्रदान कराया जाए। बागली एसडीएम के नाम ज्ञापन ग्रामीणों की ओर से दिया गया। ज्ञापन सौंपते हुए, मुकेश, सुखलाल ,किशन ,दिनेश ,संतोष निर्भय सिंह ,लेखराज बारेला, सुनील ,कैलाश, एवं भिलाला समाज के आदिवासी सहित ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम यूसुफ पठान को ज्ञापन सौपा।*



# समाज के वंशोत्पत्ति महेश नवमी पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई ढेरों शुभकामनाएं










## माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां-...हो सकता है।इसमे कुछ त्रुटियां भी संभव है।

**निर्मल मूंदडा रतनगढ** प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को महेश नवमी का उत्सव मनाया जाता है।यह माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस है। अर्थात इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी।इसीलिए माहेश्वरी समाज इस दिन को माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस के रूप में मनाता है।ऐसी मान्यता है कि भगवान महेश और आदिशक्ति माता पार्वति ने ऋषियों के शाप के कारण पत्थरवत् बने हुए 72 क्षत्रिय उमराओं को युधिष्टिर संवत 9 जेष्ट शुक्ल नवमी के दिन शाप मुक्त कर पुनर्जीवन देते हुए कहा कि आज से तुम्हारे वंश पर (धर्म पर) हमारी छाप रहेगी। तुम माहेश्वरी'' कहलाओगे, भगवान महेश के आशिर्वाद से पुनर्जीवन और नाम प्राप्त होने के कारण समाज येष्ठ शुक्ल नवमी (महेश नवमी) को माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस (स्थापना दिवस) के रूप में मनाता है। इसी दिन भगवान महेश और देवी महेश्वरी (माता पार्वती) की कृपा से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई इसलिए इनको माहेश्वरी धर्म के संस्थापक मानकर माहेश्वरी समाज माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिन के रुप में बहुत ही भव्य और धूमधाम से मनाया जाता है। महेश नवमी का यह पर्व मुख्य रूप से भगवान महेश (महादेव) और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है।समाज के नेतृत्व ने समाज की संस्कृति की प्राचीनता,समाज के इतिहास का महत्व, उन्हें क्यों संजोकर रखा जाता है,इसको ना समझते हुए इसे कभी महत्व ही नहीं दिया।यह दुर्भाग्य ही है कि कभी समाज की विरासत, इतिहास, धरोहरों का कोई महत्व भी होता है। इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया। इसीलिए आज माहेश्वरी समाज के पास अपनी विरासत, अपनी धरोहर, अपने इतिहास के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है।इसका मतलब यह नहीं है कि कुछ है ही नहीं बल्कि इसका मतलब यह है कि उनका संरक्षण- संवर्धन पर हमने ध्यान नहीं देते हुए अपनी जिम्मेदारी को नही निभाया गया।पीढ़ी दर पीढ़ी, परंपरागत रूप से माहेश्वरी समाज में महेश नवमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है।लेकिन यादातर बंधु नहीं जानते कि आज से कितने वर्ष पूर्व माहेश्वरी वंशोत्पत्ति हुई..? प्रतिवर्ष महेश नवमी तो मनाई जाती है।लेकिन हम कौन सी वी जयंती मना रहे हैं। इसका कोई उल्लेख होते दिखाई नहीं देता है।परिणामत:यह स्पष्ट नहीं हो पाता है।कि माहेश्वरी समाज की संस्कृति कितनी प्राचीन व कितने वर्षों का इतिहास है।

माहेश्वरी समाज की वंशोत्पत्ति कैसे हुई इसके बारे में जो कथा परंपरागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रचलित है। उस कथा को (देखें Link > माहेश्वरी वंशोत्पत्ति एवं इतिहास) में आये स्थानों व पात्रों के नाम से,उनके कालखंड के माध्यम से,स्थानों की भौगोलिकता से भी माहेश्वरी वंशोत्पत्ति के काल निर्धारण को जाना-समझा जा सकता है।

(1) माहेश्वरी वंशोत्पत्ति कथा में महर्षि पाराशर, ऋषि सारस्वत, ऋषि ग्वाला, ऋषि गौतम,ऋषि श्रृंगी, ऋषि दाधीच इन 6 ऋषियों और उनके नामों का उल्लेख मिलता है। जिन्हे भगवान महेश ने माहेश्वरी समाज का गुरु बनाया था। महाभारत के ग्रन्थ में भी इन ऋषियों का उल्लेख मिलता है। जैसे किमहर्षि पाराशर ने महाराजा युधिष्ठिर को 'शिव- महिमा' के विषय में अपना अनुभव बताया महाभारत तथा तत्कालीन ग्रंथों में कई जगहों पर पाराशर, भरद्वाज आदि ऋषियों का नामोल्लेख मिलता है।जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि यह ऋषि (माहेश्वरी गुरु) महाभारत कालीन है,और इस सन्दर्भ से इस बात की भी पुष्टि होती है।कि माहेश्वरी समाज की वंशोत्पत्ति महाभारत काल में हुई है।

*(2) माहेश्वरी वंशोत्पत्ति कथा में खण्डेलपुर राय का उल्लेख आता है। महाभारत काल में लगभग 260 जनपद (राय) होने का उल्लेख भारत के प्राचीन इतिहास में मिलता है। इनमें से जो बड़े और मुख्य जनपद थे इन्हे महा-जनपद कहा जाता था।कुरु,मत्स्य, गांधार आदि 16 महा-जनपदों का उल्लेख महाभारत में मिलता है।कि माहेश्वरी उत्पत्ति कथा में वर्णित खण्डेलपुर जनपद भी इन जनपदों में से एक रहा होगा। राजस्थान के प्राचीन इतिहास की यह जानकारी कि- 'खंडेला' राजस्थान स्थित एक प्राचीन स्थान है।जो सीकर से 28 मील पर स्थित है।खंडेला सातवीं शती ई.तक शैवमत (शिव अर्थात भगवान महेश को मानने वाले जनसमूह) का एक मुख्य केंद्र था।यह जानकारी खण्डेलपुर और उसके महाभारत कालीन अस्तित्व और यंहा पर सातवीं शती तक शिव (महेश) को मानने वाला समाज अर्थात माहेश्वरी समाज के होने की भी पुष्टि करती है। इसी तरह से माहेश्वरी वंशोत्पत्ति कथा में आये (वर्णित) बातों के सन्दर्भ के आधार पर यह स्पष्ट होता है।कि माहेश्वरी वंशोत्पत्ति द्वापर युग के महाभारत काल में हुई है।

(3) माहेश्वरी समाज में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति के काल का श्लोक है- आसन मघासु मुनयः शासति युधिष्ठिरे नृपते द्य सूर्यस्थाने महेश कृपया जाता माहेश्वरी समुत्पत्तिः

अर्थ-जब सप्तर्षि मघा नक्षत्र में थे,युधिष्ठिर राजा शासन करता था,सूर्य के स्थान पर अर्थात राजस्थान प्रान्त के लोहार्गल में (लोहार्गल-जहां सूर्य अपनी पत्नि छाया के साथ निवास करते है,माहेश्वरीयों का वंशोत्पत्ति स्थान है)।*भगवान महेश की कृपा (वरदान) से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई।समाज में परंपरागत पीढ़ी दर पीढ़ी मान्यता के अनुसार समाज की वंशोत्पत्ति की जो तिथि संवत बताया है।-युधिष्ठिर सम्वत 9,जेष्ठ शुक्ल नवमी

आसन मघासु मुनयः मुनया (मुनि)अर्थात आकाश गंगा के सात तारे जिन्हे सप्तर्षि कहा जाता है।ब्रह्मांड में कुल 27 नक्षत्र हैं।सप्तर्षि प्रत्येक नक्षत्र में 100 वर्ष ठहरते हैं।इस तरह 2700 साल में सप्तर्षि एक चक्र पूरा करते हैं।माहेश्वरी वंशोत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा गया है। कि सप्तर्षि उस समय मेघा नक्षत्र में थे। द्वापर युग का उत्तर काल (जिसे महाभारत काल भी कहा जाता है।) में भी सप्तर्षि मेघा नक्षत्र में है।कि माहेश्वरी वंशोत्पत्ति द्वापर युग के उत्तर काल में अर्थात महाभारत काल में हुई है।श्लोक के शासति युधिष्ठिरे नृपते इस पद (शब्द समूह) से इस बात की पुष्टि होती है।

युधिष्ठिर का इन्द्रप्रस्थ के राजा के रूप में रायाभिषेक 17-12- 3139 ई.पू.के दिन हुआ, इसी दिन युधिष्ठिर संवत की घोषणा हुई।रायारौहण के पश्चात चैत्र शुक्ल एकम से युधिष्ठिर संवत आरम्भ हुआ। यह उक्त मान्यता को पुष्ट करती है।कि भारत का सर्वाधिक प्राचीन युधिष्ठिर संवत की गणना कलयुग से 40 वर्ष पूर्व से की जाती है। युधिष्ठिर संवत जो 3142 ई.पू.से आरम्भ होता है।माहेश्वरी वंशोत्पत्ति संवत वर्ष है।- युधिष्ठिर संवत 9 अर्थात माहेश्वरी वंशोत्पत्ति ई.पू. 3133 में हुई है.(युगाब्द)में 31 जोड़ने से,वर्तमान विक्रम संवत अथवा ई.स.में (चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा/गुड़ी पड़वा/भारतीय नव वर्षारम्भ) 3133 जोड़ने से माहेश्वरी वंशोत्पत्ति वर्ष आता है। वर्तमान में ई.स.2025 चल रहा है।वर्तमान ई.स. 2025 + 3133 = 5158 अर्थात माहेश्वरी समाज वंशोत्पत्ति आज से 5158 वर्ष पूर्व हुई है।अर्थात महेश नवमी उत्सव 2025 को माहेश्वरी समाज अपना 5158 वा वंशोत्पत्ति दिवस मना रहा है।माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति जब हुई तब काल गणना के लिए युधिष्ठिर संवत प्रचलन में था। मान्यता के अनुसार माहेश्वरी वंशोत्पत्ति युधिष्ठिर संवत 9 में येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष के नवमी को हुई है।वर्तमान समय में देखा जा रहा है की माहेश्वरी समाज में युधिष्ठिर सम्वत के बजाय विक्रम या शक सम्वत का प्रयोग किया जा रहा है। इनके प्रयोग में हर्ज नहीं है। लेकिन इससे माहेश्वरी समाज की विशिष्ठता और प्राचीनता दृष्टिगत नहीं होती है। इसलिए माहेश्वरी समाज को अपनी पुरातन परंपरा को कायम रखते हुए युधिष्ठिर संवत का ही प्रयोग करना चाहिए।यह माहेश्वरी समाज की विशिष्ठ पहचान को दर्शाता है।विशिष्ठ पहचान और गौरव को बढ़ाने लिए समाज के समस्त संगठन और समाज बंधु सजग बनकर इसमें अपना योगदान दें।जय महेश !

## पटवारी के साथ हुई घटना का टांडा पुलिस ने किया खुलासा

# टांडा पुलिस को मिली सफलता, डकैती डालने की योजना बनाते हुए आरोपी गिरफ्तार




**नरेन्द्र ठाकुर** टांडा(धार)- गत 29 मई को जेतगढ़ घाट में पटवारी के साथ हुई घटना में टांडा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए तीन बदमाशों को मय हथियार रंगे हाथ पकड़ा है। थाना टांडा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदात देखते हुए बदमाशो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, उप पुलिस अधीक्षक सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टांडा संजय कुमार रावत द्वारा आरोपियों की धडपकड़ हेतु टीम का गठन किया गया एँव स्वंय भी टीम में शामील होकर लगातार क्षेत्र मे भ्रमण किया गया। साथ ही मुखबीर तंत्र से लगातार संपर्क किया गया। दिनांक 02.06.2025 की मध्य रात्रि मुखबीर द्वारा सुचना मिली की बाग रोड छोटी नदी पुलिया के मन्दिर के पास अज्ञात बदमाश हथियार लेकर राजगढ़-इन्दौर से आने वाले वाहनो पर पथराव कर डकैती की योजना बना रहे है। सुचना पर थाना प्रभारी संजय कुमार रावत व उनकी टीम द्वारा तत्काल मूखबीर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे एवं सुझबुझ से घेराबन्दी कर तीन बदमाश 1/ जगदीश उर्फ जगदिया पिता विजयसिह जाति भील ग्राम बडकच्छ,02/. संजय पिता जालम उर्फ नानकिया भील ग्राम गेट्टा,03/ प्रकाश पिता भंवरसिह भुरिया भील निवासी ग्राम घोर को हथियार, व डण्डो के साथ गिरफ्तार किया।

पटवारी के साथ हुई घटना कबूली,बाग व देवास में भी दे चूके है घटना को अंजाम

आरोपी जगदीश लुट के अपराध में थाना बाग से वर्ष 2023 से फरार था। वही थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपीयो ने जिला देवास, व थाना बाग मे भी अपराध करना स्वीकार किया, देवास व बाग से चुराई दोपहिया वाहन होण्डा साईन व बजाज पल्सर कम्पनी की जप्त की गई।पूछताछ में आरोपीगण द्वारा विगत दिनांक 29.05.2025 को जेतगढ घाट पर पटवारी के साथ हुई घटना को भी करना स्वीकार किया गया। आरोपीगण को पुलिस रिमांण माननीय न्यायालय से प्राप्त कर घटना मे चोरी किया गया लेपटाप डैल कम्पनि का एंव रेडमी कम्पनी का मोबाईल भी जप्त किया गया ।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिह द्वारा उक्त कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस टीम को पृथक से पुरुस्कृत करने की घोषणा की है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक संजय कुमार रावत, उप निरीक्षक भूपेन्द्र खरतिया, सउनि जितेन्द्र साकला, प्र.आर. 821 रामसिह सस्तिया, प्र.आर. 563 मनोज बर्डे, आर. 74 गोर्वधन, आर. 1097 सिध्दार्थ, आर. 870 धर्मेन्द्र, आर.593 विनोद और आर. निलेश सापले का सराहनिय योगदान रहा।

# जिला स्तरीय खेल प्रतिभा खोज का आयोजन आज से

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर - जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग के द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतिभा खोज का आयोजन कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर एवं पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है ,11 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बालक बालिका खेल बॉक्सिंग कबड्डी खो खो , फुटबॉल, वॉलीबॉल , करद्यते, क्रिकेट ,एथलेटिक्स में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश शासन की खेल अकादमी के लिए चयनित हो सकते हैं , जिसमें निशुल्क शिक्षा निशुल्क बोर्डिंग निशुल्क निशुल्क स्पोर्ट्स ट्रेनिंग इंटरनेशनल प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जाकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा और अपना उज्जवल भविष्य बन सकेगा । जिले के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स टैलेंट सर्च प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है दिनांक 6 जून से 8 जून 2025 तक समय प्रातः 10 बजे से दिनांक 06 जून एथलेटिक्स, कराटे जिला खेल परिसर , फुटबॉल शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीराजपुर , दिनांक 07 जून बॉक्सिंग जिला खेल परिसर, क्रिकेट फ़तेह स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड , दिनांक कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो जिला खेल परिसर अलीराजपुर में आयोजित किया जाएगा । अधिक जानकारी के लिए जिला खेल और युवक कल्याण विभाग कार्यालय कलेक्टर ऑफिस 207 रूम नंबर में संपर्क किया जा सकता है उक्त जानकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा दी गई ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक जगहों पर हुआ पौधारोपण





**संवाददाता मंडला** मंडला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडला जिले के संपूर्ण मोहगाँव ब्लाक में 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य शिव पूषाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिव कुमार मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ कृष्णकांत उइके, जनपद पंचायत प्रभारी खंड अधिकारी उमेश पोर्ते, जनपद सदस्य महेन्द्र मरकाम, सेवकराम उइके, राजकुमार धूमकेती, सुधीर झारिया, हीरा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए। वही एकीकृत उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय मोहगांव के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत शिक्षा समिति सदस्य शिव पूषाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व जनपद शिक्षा समिति सभापति शिव कुमार मिश्रा, जनपद सदस्य महेन्द्र मरकाम, संस्था व संकुल प्रभारी दीपक कछवाहा, चंद्रपाल सिंह, सरिता धुर्वे, रामनाथ मरावी कृष्ण कुमार बकाले, गजेंद्र धुर्वे, सुमंत मरकाम, अमित भारतीया, शांति तिलगाम, योगेश्वर मसराम, जितेन्द्र झारिया, अशोक अग्रवाल सहित विधालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी है।



आज
विश्व पर्यावरण दिवस पर रामप्रकाश अहिरवार, आई.ए.एस (सी.ई.ओ आई.डी.ए) के कैमरे नजरों से

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा मण्डल ने किया पौधरोपण



गौरव टांकवाल 9754518401पिपलौदा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मण्डल द्वारा जिला दिव्यांग छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दोरान कोषाध्यक्ष कचरुलाल जाट, उपाध्यक्ष भंवरलाल धनगर, इंद्रजीत सिंह सिसोदिया, सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की प्रेरणा मिली उनके इस अभियान के तहत आज देशभर में एक साथ पौधरोपण किया जा रहा है कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी महेश बोहरा ने बताया की कोरोना काल मे ऑक्सीजन की कमी ने हमे पेड़ो के महत्व से भलीभांति परिचय करवाया है इस अभियान के तहत हम सब मिलकर एक पेड़ जरूर लगाए व उसके संरक्षण का संकल्प ले। आभार सह प्रभारी प्रहलाद पाटीदार ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रफुल जैन द्वारा दी गई। इस अवसर पर सेवानीवर्त एसआई लालसिंह डोडिया, भाजपा के गिरधारीलाल माली, राजेश माली, गोपाल पटेल, मांगूसिंह चौहान, सरपंच प्रह्लाद शरण, बालाराम पाटीदार, महेंद्र भारती एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा ने साइकिल रैली निकाली और किया वृक्षारोपण



**अनिल भरावा** आलोट- विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल आलोट द्वारा नगर में साइकिल रैली निकाल कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया सुबह 7-30 नगर के मुख्य मार्ग पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा साइकिल रैली निकालकर मुख्य मार्ग से होते हुए अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां पर भाजपा नेताओं ने स्वदेशी वस्तु का उपयोग करने और विदेशी वस्तुओं को बहिष्कार करने की शपथ ली ताकि हमारा देश तरक्की कर सके और देश के नागरिकों की रोजगार मिल सके वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया ,नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक जैन ,पूर्व जिला योजना समिति सदस्य अनिल भरावा, इस अभियान के प्रभारी राहुल रांका,जन अभियान के हेमेंद्र निगम,विट्ठल मोदी आदि ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हमे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए आगे आना होगा ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करना होगा ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे पूभारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी कार्यक्रम को अपनाना होगा वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण धुएं से पूरा वातावरण प्रदूषित हो रहा हे सायकिल एवं प्रदूषण रहित विकल का उपयोग करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष मोहक मेहता आभार मंडल महामंत्री कैलाश सांखला ने माना इस अवसर पर भाजपा के बूथ अध्यक्षअर्जुन खत्री का जन्म दिवस सभी के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अनिल पोरवाल, पार्षद संजय माली पार्षद प्रतिनिधि आजाद शत्रु सिंह परिहार , राकेश बैरागी , कार्यकर्ता महेश टॉक ,राकेश मेवाड़ा, डॉ प्रकाश माली , एडवोकेट राजेश मंडवारिया हेमेंद्र सिंह निगम ,वर्दीचंद पाटीदार, अशोक कुवाडिया, मनीष पांचाल,बद्री लाल ट्रेलर महावीर दास , मुकेश दवे,बैरागी, साकेत पोरवाल, राजेंद्र गुप्ता जितेंद्र व्यास जगदीश पुरोहित

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत लगाए विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे



गौरव टांकवाल 9754518401पिपलौदा । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के छात्रावास भवन में संचालित जिला दिव्यांग छात्रावास परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डाइट प्राचार्य डॉ.नरेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा अभिषेक यादव, बीआरसीसी प्रदीप सिंह बेस की उपस्थिति में विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कर्मचारी तथा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए डॉ. गुप्ता ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार एक पौधा मां के नाम सभी को लगाना है, और जिस प्रकार हम अपनी मां की देखभाल करते हैं, सभी को आज विश्व पर पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा अपनी मां के नाम लगावे और अपनी मां की तरह पौधा बड़ा होने तक देखभाल करें। कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तहसील अध्यक्ष पवन कुमार पटवा ने कहा कि इस साल भीषण गर्मी से लोगों को सीख लेनी चाहिए की भीषण गर्मी से निजात पाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति संतुलन बनाने में सभी को अपना अहम रोल अदा करना चाहिए।पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र राव भोगलेकर, अलका आचार्य, कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश मालवीय, जिला दिव्यांग छात्रावास के वार्डन, अंबाराम बोस विकासखंड शिक्षा कार्यालय से मनोज चौहान, नितिन नंदेचा, कालू सिंह भाटी, हरदेश राठौर, बृजेश झा डाइट पिपलोदा से लेखापाल शेरअली खान, रामजी माल, दिव्यांग छात्रावास के कन्हैयालाल बोस, लक्ष्मीनारायण धनगर, अजय पाल सिंह भाटी आदि कई कर्मचारीयो ने उपस्थित रहकर सराहनीय योगदान दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सहयोग संस्था सदस्यो के द्वारा किया श्रमदान

### अरूण गेहलोत ने संस्था को 1100रूपये का सहयोग प्रदान किया



**देवेन्द्र वाणी** आलीराजपुर- ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के संकल्प के साथ पिछले 24 वर्षो से आलीराजपुर नगर में कार्य कर रही पर्यावरण सहयोग संस्था के द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के सामने स्थित सहयोग गार्डन पर सस्थां के सदस्यो के द्वारा सफाई कार्यक्रम आयोजित कर गार्डन की सफाई की गई, जिसमे एक ट्रॉली कचरा ,, जिसमे प्लास्टीक की थेलिया, पाऊच, प्लास्टीक की बाटल, पेड पौधो का कचरा, मरिजो के परिजन द्वारा फेका गया खाना, आदी को एकत्रित किया और बगीचे मे विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। आपको बतादे कि ग्रीन सिटी क्लिन सिटी के नाम से पर्यावरण सहयोग संस्था आलीराजपुर जिले में कार्य कर रही हैं, संस्था द्वारा अभी 10 हजार से अधिक पेड़ पौधे लगाए जा चुके हैं,,आज शहर पूरा हरा भरा ही नजर आ रहा है, समय समय पर संस्था कार्यक्रम आयोजित आमजन को पेड़ पौधे लगाने,, पैड नही काटने हेतु जागरूक करते हुए भी नजर आती दिखाई देती हैं।

**वही गार्डन प्रभारी दीपक दीक्षीत ने कहा की हर वर्ष की तरह ,** इस भी साल 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर बीमा अभिकर्ता अरूण गेहलोत अपनी पुत्रवधू निधि आलोक गेहलोत के जन्मदीन पर सहयोग संस्था को 1100रूपये का सहयोग विगत 12 वर्षो से पौधा रोपड के लिये सहयोग दिया जा रहा है,,,आगामी दिनो मे नगर मे पौधा रोपड के लिये कार्य योजना भी बनाई व संकल्प भी लिया गया है कि इस वर्ष 500 पेड़ पौधे शहर एवं कस्बे में लगाए जाएंगे सफाई कार्यक्रम में सहयोग संस्था के सरक्षंक बालकुष्ण गुप्ता,कैलाश कमेडिया, अध्यक्ष राकेश चौहान,, गार्डन पृभारी दीपक दीक्षीत , कोषाध्यक्ष जिगेश कोठारी,मिडिया पृभारी कुष्णकान्त बेडिया, सदस्य,बसंत राठौर, दुकालिया,,महेश शुक्ला, , राधेश्याम भटोद्रीया,रितेश सिलाका, ढोकलसिह रूपालसिह , अरूण, मिना ,,बच्चे आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक परंपराओं के साथ पारिवारिक एकता का प्रतीक बनी आने के वड़े की रस्म

## सांसद अनिता नागर सिंह चौहान ने परिवार के साथ निभाई परंपरा

**देवेन्द्र वाणी अलीराजपुर- लोकसभा सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान ने अपने ससुराल में परिवार के साथ मिलकर पारंपरिक 'आने के वड़े' बनाये।इस मौके पर चौहान परिवार के सभी सदस्य एक साथ उपस्थित रहे और इस पारिवारिक क्षण को आत्मीयता और उत्साह के साथ साझा किया। वड़ों की खुशबू और पारिवारिक हंसी-ठिठोली के बीच यह क्षण एक यादगार बन गया।**

**सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने कहा – जब परिवार साथ होता है, तो परंपराएं और भी सुंदर हो जाती हैं। आने के वड़े बनाना सिर्फ एक रस्म नहीं, यह परिवार में अपनापन, प्रेम और जुड़ाव का प्रतीक है। चूल्हे की गर्माहट, पारंपरिक पकवान और साथ बैठकर साझा किया गया समय ङ्क यह सब कुछ भारतीय संस्कृति की उस भावना को दर्शाता है जो साथ मिलकर रहने में विश्वास रखती है। इस अवसर पर परिवार के वरिष्ठजनों ने आशीर्वाद देते हुए इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की बात कही।**





# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा की नातिन प्रीशा प्यासी ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दमोह,नैनीताल** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देहरादून से नैनीताल छुट्टियाँ मनाने आईं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा की नातिन प्रीशा प्यासी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। प्रीशा प्यासी, जो श्री प्रीतेश प्यासी एवं श्रीमती गुंजन प्यासी की सुपुत्री हैं, ने आज अपने नाना के घर में गमले में बीजारोपण कर पौधा लगाया।
प्रीशा ने न केवल पौधा लगाया बल्कि पक्षियों के लिए दाना और पानी भी रखा। उन्होंने गमले में पानी डालते हुए सभी बच्चों और परिवारों से अपील की कि वे अपने घरों में पौधे लगाएं और पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि यदि हम छोटे–छोटे कदम उठाएं, तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है और हरियाली को बढ़ावा दिया जा सकता है।प्रीशा की इस पहल की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की और कहा कि छोटे बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्पद है। पर्यावरण दिवस पर यह छोटा सा प्रयास बड़ा संदेश देता है कि यदि नई पीढ़ी जागरूक हो जाए तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित रह सकता है।





# सुवनिया पंचायत में वंदे गंगा- जल संरक्षण जनअभियान 2025 का शुभारंभ, प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली

**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर %वंदे गंगा– जल संरक्षण जनअभियान 2025 का शुभारंभ गंगरार उपखण्ड के ग्राम पंचायत सुवानिया में कलश यात्रा और पीपल पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली।



इस दौरान भाजपा पूर्व जिला मंत्री सत्यनारायण मेनारिया, सुवानिया प्रशासक निवर्तमान सरपंच गोपाल गाडरी, मदनलाल मेनारिया, लक्ष्मीनारायण मेनारिया, वार्ड पंच रमेशचंद्र मेनारिया,वार्ड पंच प्रतिनिधि रतनलाल जाट, कनिष्ठ सहायक भैरूलाल तेली मांगीलाल मेनारिया,मोडीराम भील, पीन्टू ढोली सहित माताएं बहिनें ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओ में पौधारोपण किया गया - सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसरे

*उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो*
*9926809786*

*रतलाम दिनांक 5 जून 2025। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय पर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने संबंधी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ गौरव बोरीवाल, डीपीएम डॉ प्रमोद प्रजापति , जिला लेखा प्रबंधक सचिन वर्मा , मीडिया अधिकारी आशीष चौरसिया, डिप्टी मीडिया अधिकारी सरला वर्मा , डीसीएम कमलेश मुवेल, डीईआईसी मैनेजर मोहन कछावा , डाटा मैनेजर श्वेता बागड़ी , आनंदीलाल जैन , माला खराड़ी, सौरभ देवड़ा , अनस बेलीम, संदल राहोरी, गोविंद उत्गोरिया, हेमंत मकवाना, निलेश चौहान, दिनेश पाल , राकेश सिंह कुशवाह , आदि की उपस्थिति में पौधारोपण एवं कार्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। रतलाम जिले के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों सिविल हॉस्पिटल आलोट में डॉक्टर देवेंद्र मोर्य और बीपीएम द्वारा , आयुष्मान आरोग्य मंदिर बल्लीखेड़ा , पाटड़ी , चावड़ाखेड़ी में सी एच ओ रेखा कटारा, आशा सुपरवाइजर सुनिता भावर , आशा सीमा निनामा,शांति बाई निनामा, शांति गणावा,राजू बाई, मधु निनामा आदि द्वारा तथा सी एच ओ पूजा भाबर द्वारा गुडभेली में , आडवाणिया ब्लॉक सैलाना , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में बी पी एम और टीम द्वारा , पी एच सी भोजाखेड़ी , सिविल हॉस्पिटल जावरा मे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक पालडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जावरा, एवं पार्षद गणों द्वारा हॉस्पिटल के गार्डन में पौधारोपण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई ।*




# राजाबंदी पुलिया के पास दर्दनाक सड़क हादसा: नवविवाहित युवक अभिषेक सेन की मौत

## ससुराल जाते वक्त हुआ हादसा, अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**दमोह, हटा** पटेरा–हटा मुख्य मार्ग पर स्थित राजाबंदी पुलिया के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में नवोदय वार्ड हट्टा निवासी 25 वर्षीय युवक अभिषेक सेन की मौके पर ही मौत हो गई। अभिषेक हाल ही में 25 अप्रैल को विवाह के बंधन में बंधा था और अपनी ससुराल ग्राम झाला झुमरी मोहन्द्रा जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अभिषेक की बाइक को किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल को दी, जो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस के साथ ही पटेरा थाना पुलिस को सूचित किया।
सूचना मिलते ही पटेरा थाना से मुंशी रूपलाल रजक और आरक्षक चंद्रकांत पांडे मौके पर पहुंचे और प्राथमिक जांच शुरू की। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। अभिषेक की असामयिक मृत्यु से उसका परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों ने पुलिस से न्याय की मांग करते हुए अज्ञात वाहन चालक की शीघ्र पहचान कर सख्त कार्रवाई की अपील की है।
फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है तथा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।






# पूरे उत्साह के साथ मना रतलाम मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस

**उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो**
**9926809786**

**रतलाम ,05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून , 2025 को पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवम प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने विषय पर जन जागरूकता रैली वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, शपथ आदि के रूप में मनाया गया।**
**इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों एवम कर्मचारियों द्वारा रतलाम रेलवे ग्राउंड में % एक पेड़ माँ के नाम % अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही मंडल के स्टेशनों एवम रेलवे कॉलोनियों में भी % एक पेड़ माँ के नाम % अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। रतलाम रेलवे ग्राउंड में 50 से अधिक पेड़ लगाए गए।**
**इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक कुमार ने पर्यावरण विषय पर संबोधित करते हुए आग्रह किया कि आप कम से कम एक पेड़ को गोद लें और उसके संरक्षण के जिम्मेदारी लें।**
**रतलाम रेलवे स्टेशन पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक अशफ़ाक़ अहमद द्वारा कर्मचारियों एवम अधिकारियों को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण शपथ का पाठ करवाया गया। इसी प्रकार मंडल के अन्य स्टेशनों, कार्यालयों एवम कार्यशालाओं में भी कर्मचारियों एवम अधिकारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षकन की शपथ ली गई।**
**लोको केअर सेंटर रतलाम में शपथ के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवम पेड़-पौधों के महत्व को दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ।**
**इसी प्रकार सिविल डिफेंस टीम द्वारा भी रतलाम रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।**
**मंडल रेलवे चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रतलाम द्वारा चिकित्सालय में मरीजों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया तथा 100 से अधिक जूट से निर्मित थैले का वितरण किया गया।**



# जालम सिंह है सच्चे हिन्दूवादी जननायक - 20 लाख दिये हनुमान मंदिर निर्माण हेतु

## सनातन मंदिर समिति करेली मे करोड़ों की चल अचल संपत्ति होने के बाद वर्षों पुराने जीणहीन पढे हनुमान मंदिर का निर्माण नही करा पाई

**पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह व नपा उपाध्यक्ष अनीता नेमा व हनुमंत मंदिर सेवा समिति (करेली) के व नपा अध्यक्ष सुशीला ममार के सभी के संयुक्त प्रयास व पहल व अब सभी के सहयोग से हनुमान मंदिर निर्माण हेतु करेली शहर हुआ एकजुट..।**

**जयपुरी पत्थरों से होगा भव्य हनुमंत लला का भव्य मंदिर निर्माण..।**

**अमित भाटिया**

नरसिंहपुर– विगत 100 वर्षो से भी ऊपर बने करेली शहर के मध्य बीचो बीच नगरपालिका के सामने हनुमान मंदिर जो की एक ट्रस्ट के अधीन था वो ट्रस्ट जो वो सनातन मंदिर समिति के नाम से जानी जाती है इस ट्रस्ट ने सदैव कुछ नही किया। शहर में सनातन मंदिर समिति के प्रमुख चार मंदिर श्री राम मंदिर व श्री हरई माता मंदिर, श्री हनुमान मंदिर पुरानी मंडी व करेली नपा के सामने हनुमान मंदिर का कुछ विकास व भव्य निर्माण नही हो पाया पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह, उपाध्यक्ष अनीता नेमा, नपा अध्यक्ष, सुशीला ममार बनकर आये देवदूत





विगत 5 वर्षों से हनुमंत मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्य बार बार करेली शहर के धार्मिक बन्धुओं की बैठक आहुत कर मंदिर निर्माण का प्रयास करते आ रहे थे । परन्तु नेक व धर्म से जुड़े काम एक नेक धार्मिक बन्धुओं के हाथो ही होता है उसी क्रम मे श्री हनुमंत मंदिर सेवा समिति ने अप्रैल 2023 मे एक मंदिर निर्माण हेतु बैठक करेली विश्राम गृह मे आहुत की लेकिन मंदिर निर्माण न हो सका।

करेली नपा उपाध्यक्ष अनीता नेमा ने ठान लिया की वो श्री हनुमंत मंदिर सेवा समिति के सदस्यों का साथ देगी ओर ये मंदिर बनवाने पूरे प्रयास सच्चे मन व ताकत से करेगी उसी का परिणाम है की पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल ने नपा उपाध्यक्ष के एक बार कहने पर कह दिया आप तैयारी करे मे आप के साथ और 20,00,000 की राशि करेली नगर पालिका के सामने हनुमान मंदिर निर्माण को दे दी फिर क्या था गुरुवार 5 तारीख को पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल ने स्वयं मंदिर निर्माण पहुच भूमि पूजन किया व करेली नगर की प्रथम नागरिक माता श्रीमति सुशीला ममार व नगरपालिका उपाध्यक्ष अनीता नेमा ने व भाजपा जिलाध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने भी मंदिर पहुच वीर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया व भूमि पूजन किया पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह के भूमि पूजन करते ही नगर के हर व्यक्ति ने इस भव्य मंदिर निर्माण मे अपना अपना आर्थिक सहयोग देना प्रारंभ कर दिया इस नेक कार्य श्री हनुमान मंदिर भव्य निर्माण मे पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह के 20,00,000 की राशि के बाद करेली शहर ने मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम के चलते ही करीब 7,00,000 का मंदिर निर्माण मे आर्थिक धार्मिक चंदे की राशि की घोषणा की वही मंदिर के पूर्व पुजारी ब्रह्मलीन नारायण पंडित जी ने निधन होने पूर्व करीब 5 लाख मंदिर निर्माण हेतु राशि दी थी वो सब मिलकर करीब 35 लाख की निधि भव्य जयपुरी पत्थरों से भव्य मंदिर निर्माण जल्द करेली शहर व हिन्दू धर्म ध्वजा लहराने हम सभी को सदैव गौरवान्वित करेगी..।

# लव कुश वाटिका रणिया मगरी का हुआ लोकार्पण


## आज से शुरू हुआ 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

**जुबेर अहमद**
**धरियावद**
**9001885006**




प्रतापगढ़–धरियावद उपखंड की रणिया मगरी स्थित लव कुश वाटिका का लोकार्पण गुरुवार को किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधि कन्हैयालाल मीणा,प्रधान हकरी देवी,राजस्थान वित्त निगम के प्रबंध निदेशक एवं प्रतापगढ़ जिले के प्रभारी सचिव हरि मोहन मीना,जिला कलक्टर डॉ.अंजली राजोरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव श्री मीना ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण और पर्यावरण सरंक्षण को लेकर संवेदनशील है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की आज से प्रदेशभर में शुरुआत हो रही है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जल-स्त्रोतों का सरंक्षण,स्वच्छता और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी व्यक्तियों, स्वयंसेवी संगठनों व युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ.अंजलि राजोरिया ने भी अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिलेभर में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, विद्यार्थियों,महिला समूहों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। उप वन संरक्षक हरिकिशन सारस्वत ने हरियालो राजस्थान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिले में लक्ष्यानुरूप पौधारोपण करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। वन हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर विजयेश कुमार पड्या,उपखण्ड अधिकारी धरियावद राजेश कुमार न्योल, तहसीलदार दीपिका कटारा,एसीएफ सहित वन विभाग के अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चोरों के होसले बुलंद खड़ी गाड़ी में से मक्का नीकाली









खरडुबडी=---झाबुआ जिले के गांव खरडू छोटी में लक्ष्मण पिता जग्गू मखोडिया के घर के आंगन में रात्रि में मक्का से भरी आईसर क्रमांक खड़ी थी जिसमे से रात्रि में 16 कट्टे मक्का की चोरी हुई। लक्ष्मण मखोडिया ने बताया कि हमने तीन लोगों ने मक्का मंडी में बेचने के लिए गाड़ी में भारी थी और रात्रि में करीबन 11 बजे हम घर आये और बाहर खड़ी कर के सौ गए थे जिसके बाद जब मै सुबह 5.30 बजे उठा और गाड़ी तरफ देखा तो गाड़ी के पीछे बन्धी रस्सी खुली थी जिसके बाद मैने गाड़ी के पास जाकर देखा तो गाड़ी में से मक्का के 16 कट्टे चोरी हो गए थे तो मैने तुरंत गाड़ी के ड्राइवर संजय भूरिया को फ़ोन किया और जब वो आया उसके बाद हमने आस पास खेतो में देखा और फिर हमने कट्टे में से मक्का बिखरी हुई देखी तो उसको देखते देखते हम पास के गांव पीथमपुर पहुँच गए इसके बाद हमको शंका हुई कि मक्का पीथमपुर में है जिसके बाद हमने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर झाबुआ थाने से पुलिस पहुँची जिसके बाद पुलिस द्वारा पीथमपुर के पुरानी पंचायत भवन से 4 कट्टे एवं भवन के पीछे मकान में से 2 कट्टे एवं अन्य एक मकान के शौचालय में से 5 कट्टे मिले ऐसे कुल मक्का के 11 कट्टे मिले जिसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा बनाया गया जिसके बाद कायमी कर 11 कट्टे मक्का को जब्त किया गया। झाबुआ थाना प्रभारी आर सी भास्करे ने बताया कि सुबह आईसर वाहन से मक्का के कट्टे चोरी हुए थे जिसकी सूचना थाने पर दी गई थी जिसकी कायमी कर 11 कट्टे गांव पीथमपुर से जब्त किए गए है आरोपी फरार है । ग्रामीण का कहना है कि चोरों के होसले बुलंद हो रहा है और पुलिस प्रशासन से मांग है कि झाबुआ से खरडु बड़ी तक गश्त करे जिससे रात्रि में आंधी रात को जो घुम रहे हैं वह बंद हो खरडुबडी से शीराज भाई बंगडवाला की रिपोर्ट

# लोक देवता बाबा रामदेवजी का आठवां पाटोत्सव कार्यक्रम पिपलिया में मेघवाल समाज द्वारा आयोजित किया

**जुबेर अहमद 9001885006**
धरियावद-लोक देवता बाबा रामदेवजी का आठवां पाटोत्सव कार्यक्रम पिपलिया में मेघवाल समाज द्वारा आयोजित किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 60% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान 63 बालक- बालिकाओं को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की तस्वीर एवं दुपट्टा से समाजजनों द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही समाज में राजकीय कर्मचारियों के पद पर नवनियुक्त 51कर्मचारियों को भी बाबासाहब की तस्वीर एवं दुपट्टा से सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम मेघवाल समाज पिपलिया द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोक देवता बाबा रामदेवजी के मंदिर में भगवान की विशेष पूजा अर्चना,यज्ञ,हवन के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम डॉ.टी आर.मेघवाल,विट्ठल यादव घाटोल,बगदीराम रैदास अवलेश्वर,मदन लाल रैदास, ईश्वरदास मेघवाल,अंबालाल मेघवाल,सुनील मेघवाल के अतिथियों में यह आयोजन हुआ। सभा स्थल पर



डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर कॉलेज से प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्ति डॉ.तुलसीराम मेघवाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के पास शिक्षा को लेकर विदेश तक काफी डिग्रियां थी। भारत में संविधान बनाने में उनकी काफी भूमिका रही। भारत का संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में बनकर तैयार हुआ। यह अंबेडकर की देन थी और वह देश के प्रथम कानून मंत्री बने। इसलिए शिक्षा के बल पर कहीं पर भी पहुंचा जा सकता है शिक्षा होने पर ही आप किसी भी पद या व्यवसाय में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। धरियावद परगना के मेघवाल समाज में एमबीबीएस दाखिला लेने वाले समाज का नाम रोशन करने वाले पहले व्यक्ति दक्ष पुत्र एडवोकेट हरीश मेघवाल का समाज द्वारा सम्मान दिया गया। दसवीं कक्षा में 94त्न अंक प्राप्त करने वाली गंगोत्री मेघवाल जो सभी बच्चों से बढ़-चढ़कर अंक प्राप्त किया। कार्यक्रम को एडवोकेट ज्योति मेघवाल, व्याख्याता रमेश चंद्र मेघवाल, बगदीराम रैदास,नारायण लाल मेघवाल धरियावद,रामलाल मेघवाल पारेल,शंकरलाल पिपलिया,हरीश मेघवाल एडवोकेट,विट्ठल यादव सहित ने संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत प्रभुलाल पिपलिया, रामचंद्र कोटडी,भैराजी पिपलिया,नारायण लाल मेघवाल सहित समाजजनो लिया।

# बसपा की विधानसभा स्तरीय बैठक भगवानपुरा में सम्पन्न हुई

. **खरगोन......मनोज मालविया....** भगवानपुरा बुधवार को भगवानपुरा में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय नरेन्द्र कंचोले जी मुख्य जिला प्रभारी खरगोन बसपा थे विशेष अतिथि माननीय रमेश अंजना जी जिला अध्यक्ष खरगोन एवं विशिष्ट अतिथि माननीय रामेश्वर भालसे जी जिला महासचिव,माननीय सखाराम रावल जी जिला कोषाध्यक्ष बसपा, दोलत सिंह दादा कार्यक्रम में पधारे थे कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर भालसे जिला महासचिव ने किया एवं आभार बसपा के खरगोन जिला सचिव राहुल सिसोदिया ने माना इस दौरान बीजेपी के कार्यकर्ता शांतिलाल वास्कले के साथ अन्य कार्यकर्ता बीजेपी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए और पार्टी की



सदस्यता ग्रहण कि पार्टी ने शांतिलाल वास्कले को भगवानपुरा ब्लाक की कमान सौपते हुए बसपा का भगवानपुरा ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया है वहीं जालम बामणिया,ऊमसिग निबोले को उपाध्यक्ष,राकेश बडोले महासचिव एवं रेवा सोलंकी को सचिव नियुक्त किया गया है इस दौरान रावेन नार्वे,संजय कनासे,इन्द्र डावर, भुरेसिंग खरते,रोहित कनासे,पवन मुजाल्दे,प्रकाश जाधव, भायराम खरते, रोहित कनासे, इनेश डावर, अरविन्द खरते, भूरेसिंग खरते, मंसारम जाधव, पवन चौहान,विजय खरते,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

# पोस्टर,निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**जुबेर अहमद 9001885006**
धरियावद-कस्बे के ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के अधीन पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धरियावद में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर,निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विंजल जैन ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही पोस्टर प्रतियोगिता में उर्वशी प्रथम रही। अंग्रेजी स्पीच में रुद्रप्रताप प्रथम रहे। प्रधानाचार्य शिव सिंह चौहान ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर संपूर्ण राज्य में प्रारंभ सघन वृक्षारोपण एवं जल स्वावलंबन अभियान के तहत विद्यालय में गतिविधि का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के आशीष हाथी,सुमित लबाना,स्काउट मास्टर गौतम लाल मीणा तथा लक्ष्मण मीणा ने सहयोग किया ।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

**जुबेर अहमद 9001885006**
**धरियावद-राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड स्थानीय संघ धरियावद के स्काउट कार्यालय परिसर धरियावद में दिनांक 05 जून 2025 से 20 जून 2025 तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों का विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशमी के अवसर पर जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार स्काउट व गाइड कार्यालय द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्यौल की उपस्थिति में किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार रजनीश व्यास,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह शक्तावत,आरपी गणपत लाल लबाना,भरत कुमार लेखाधिकारी अंकित डांगी,वरिष्ठ लिपिक शैलेन्द्र कोठारी,बाबूजी पुष्कर राज जैन,राजस्थान राज्य**



**व भारत स्काउट गाइड के शिविर संचालक लक्ष्मण लाल मीणा, सहायक शिविर संचालक शब्बीर खां पठान,स्काउट प्रशिक्षक गौतम लाल मीणा,कांता मीणा, वीरेंद्र मोहन वशिष्ठ,शंकर लाल मीणा,रामलाल मीणा,अमृत लाल मीणा के सानिध्य में सुबह प्रभात फेरी का आयोजन धरियावद के मुख्य सदर बाजार के विभिन्न मोहल्ला में पर्यावरण संबंधित स्लोगन पर्यावरण को प्लास्टिक से मुक्त पृथ्वी को स्वर्ग बनाना, पर्यावरण की करो रक्षा पहले दो बच्चों को दो शिक्षा,पेड़ लगाकर बंजर भूमि को करो श्रृंगार के नारे लगाते हुए एक जागरूकता प्रदान करने के लिए एक सफल रेली का तथा इसके साथ ही स्काउट कार्यालय में बाल सभा के साथ निबंध,कविता,भाषण,**

**प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट गाइड के विद्यार्थियों का संपूर्ण सहयोग रहा।**

# प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समाज के अब्बास अली बोहरा का सेवानिवृत्त होने पर साफा बांधकर, साल श्रीफल, केसरिया दुपट्टा ओढाकर किया नागरिक अभिनंदन साथ ही सकिना बोहरा सहित परिवारजनो को दी बधाई

जावद- दाऊदी बोहरा समाज के वरिष्ठ अब्बास अली बोहरा सांदिपनि सीएम राइज स्कूल स्थित जावद विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विभिन्न पदो पर पूर्ण रूप से स्नेह, प्यार, कर्तव्य रूप से शासकीय सेवाए देते हुए 31 मई 2025 शनिवार को 39 वर्ष 5 माह की गौरवमयी सेवा देते हुए सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को खोर दरवाजा सामुदायिक भवन में सकीना अब्बास अली बोहरा, सुपुत्री फातेमा बोहरा, अमतुल्ला बोहरा, अलेफिया बोहरा, दामाद शब्बीर भाई बोहरा, मुस्तफा भाई बोहरा, अब्बास भाई बोहरा की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी के नेतृत्व में सेवानिवृत्त अब्बास अली बोहरा का साफा बांधकर, साल श्रीफल देकर, केसरिया दुपट्टा ओढाकर माला



पहनाकर, स्वागत, सम्मान करके नागरिक अभिनंदन किया। अब्बास अली बोहरा ने कहा आज आपने जो मुझे स्नेह, प्यार दिया वह में कदापि नही भुलूंगा आप सभी मित्रो का आशीर्वाद आगे भी यू ही बना रहे। सम्मान समारोह में प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी, प्रेस क्लब जावद अध्यक्ष ओमप्रकाश कसेरा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सीके शर्मा, बीईओ निखिल पाटीदार, प्रदीपसिंह भाटी, विक्रमसिंह भाटी, अरूण सोलंकी, सत्यनारायण परमार, दिपेंद्रसिंह भाटी, अशोक सकवाडिया, जाकिर हुसैन छोटीसादडी, अब्दूल कादर बोहरा, अली असगर बोहरा, मुस्तफा बोहरा, मलेका बोहरा, सारिका सकवाडिया, रॉक्सी सकवाडिया, चित्रॉक्सी सकवाडिया सहित शिक्षकगण, स्टॉफगण, रिश्तेदार, नगरवासी, पत्रकारगणो ने भी साल ओढाकर, माला पहनाकर सेवानिवृत्त होने पर अब्बास अली बोहरा को बधाई दी। मंच का सफल संचालन अरुण सोलंकी ने किया। आभार सेवानिवृत्त अब्बास अली बोहरा ने माना।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 110 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 914826006, 8643056464, 9115154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)